



नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 06 मार्च 2026

# 5 दिन तक मनेगा होली महोत्सव

## फाग चौपालों से गूंजा शहर-गांव, बाजारों में बढ़ी रौनक

- कीचड़ से फूलों तक तय हैं उत्सव के दिन



**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर में होली सेलिब्रेशन की शुरुआत हो चुकी है. यहां हर साल की तरह इस बार भी होली का पर्व पूरे पांच दिनों तक मनाया जाएगा. गांव से लेकर शहर तक फाग गीतों की चौपालें सज गई हैं. बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और फूलों की दुकानों से रौनक बढ़ गई है, वहीं घरों में पारंपरिक बुंदेली पकवान तैयार किए जा रहे हैं. गांव-गांव में गोबर के बरूले बनाए गए हैं, जिन्हें होली पर जलाकर परंपरागत तरीके से उत्सव मनाया जाता है.**

होलिका दहन के बाद उत्सव की शुरुआत होती है. पहले दिन कीचड़ से होली खेलने की परंपरा निभाई जाती है, इसके बाद रंग-गुलाल और फूलों से होली खेली जाती है. रंगपंचमी तक चौपालों में फाग गायन चलता रहता है. यह अनोखी परंपरा लोक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है. शहर के रामगली बजरिया और चौक बाजार में दुकानों पर रंगों के साथ फूलों की भी खूब बिक्री हो रही है. बुंदेली गुजिया, बेसन पपड़ी, सलोनी, मठरी और दही बड़े की मांग बढ़ गई है. व्यापारियों का कहना है कि होली को लेकर बाजार में अच्छी चहल-पहल है और बिक्री भी संतोषजनक चल रही है.

## महाराजपुर क्षेत्र के गर्रा पुरवा में पेड़ काटने से रोकने पर युवक की पिटाई

**छतरपुर, 5 मार्च.** महाराजपुर क्षेत्र के ग्राम गर्रा पुरवा में पेड़ काटने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है. आरोप है कि हर चरण कुशवाहा ने कुछ लोगों को पेड़ काटने से रोका, जिस पर आधा दर्जन लोगों ने उस पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. हमले में घायल हुए हर चरण कुशवाहा को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है. मामला गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है.

## कर्ज जमा करने की ड्यू डेट 30 अप्रैल करने की उठी मांग

**कुरवाई.** सहकारी बैंक और सोसाइटियो से कर्ज लेने वाले किसानों को कर्ज 30अप्रैल तक कर्ज जमा करने की सुविधा दी जाए.कर्ज जमा करने की ड्यू डेट 30 अप्रैल की जाए.. समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदी 1 अप्रैल से आरंभ की जाना चाहिए ताकि एक महीने में किसानों के खाते में समर्थन मूल्य का पैसा पहुंच जाए. यह मांग करते हुए यहां क्षेत्र के किसानो ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा जाकर ज्ञापन पत्र सौंपा है. पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष हरि सिंह चौहान के नेतृत्व में सोपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों के अनाज की खरीदी समर्थन मूल्य पर होने के बाद उनके खाते में पैसा आता है. 30 मार्च तक किसानों को पैसा जमा करना मुश्किल होता है.किस कारण से अनेक किसान ओवरड्यू हो जाते हैं। कर्ज की राशि 30 अप्रैल तक जमा करने की ड्यू डेट निश्चित की जाए.ताकि किसानों को 0व्ब कर्ज का लाभ मिल सके. ज्ञापन पत्र सौंपने वालो में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गिरजेश साहू, जानू भागीदारी समिति के अध्यक्ष सीताराम सेनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, के साथ क्षेत्र के अनेक किसान शामिल थे.




# होली की खुशियों के बीच उठाया बड़ा कदम

## पति ने फोन नहीं उठाया तो महिला ने खाईं 25 विटामिन गोलियां

**छतरपुर, 5 मार्च. जिला मुख्यालय की शांति नगर कॉलोनी में होली के त्योहार के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. 30 वर्षीय महिला ने पति द्वारा फोन न उठाए जाने से नाराज होकर एक साथ करीब 25 विटामिन गोलियां खा लीं. गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.**

जानकारी के अनुसार शांति नगर निवासी रेखा चौहान होलिका दहन से पहले पूजन सामग्री और अन्य सामान मंगाने के लिए अपने पति अश्वनी चौहान को लगातार फोन कर रही थीं. काम में व्यस्तता और मोबाइल साइलेंट मोड पर होने के कारण पति कॉल रिसीव नहीं कर पाए. इससे नाराज होकर रेखा ने घर में रखा विटामिन की गोलियों का पूरा पत्ता खा लिया. बताया जा रहा है कि घर में कोई अन्य जहरीला पदार्थ न मिलने पर उन्होंने गुस्से में यह कदम उठाया. पति के घर पहुंचने पर महिला की तबीयत बिगड़ी देख परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गए.

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद फीमेल मेडिसिन वार्ड में भर्ती कर ऑब्जर्वेशन में रखा है.

डॉक्टरों के अनुसार अत्यधिक मात्रा में विटामिन लेना भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है. चिकित्सकों ने अपील की है कि आवेश में आकर कोई भी ऐसा कदम न उठाएं, संवाद ही हर समस्या का समाधान है.

# शिवराजपुर में युवक को जिंदा जलाने की कोशिश

- पेट्रोल डालकर किया जानलेवा हमला
- दुकान के बाहर आग सेकते समय वारदात



**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर जिले के वमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवराजपुर में जिंदा जलाने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है. 52 वर्षीय याकूब खान पिता खान मोहम्मद पर उस समय हमला कर दिया गया, जब वे सुबह करीब 6 बजे घर के पास स्थित दुकान पर आग सेक रहे थे.**

आरोप है कि पीछे से आए एक व्यक्ति ने अचानक उन पर पेट्रोल डाल दिया. पेट्रोल गिरते ही आग भड़क उठी, जिससे उनके दोनों पैर और शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरह झुलस गया. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और परिजनों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों के अनुसार याकूब खान का उपचार जारी है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हमले के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## लटेरी में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर

**विदिशा,** लटेरी में बुधवार शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना चैनपुरा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर से हुई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया है.जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिल चालकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को लटेरी अस्पताल पहुंचाया.मृतकों की पहचान कोलुआ पठार निवासी कल्याण बंजारा और आनंदपुर के सद्गुरू नगर निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है.ये दोनों अपनी-अपनी मोटरसाइकिल चला रहे थे.

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल

- रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा
- पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया



**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर नगर के नौगांव रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक सड़क हादसा हो गया. पैदल जा रहे राजू कोरी को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी. घटना दोपहर करीब 1:00 बजे की बताई जा रही है.**

टक्कर लगने से बुजुर्ग राजू कोरी गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक तेज गति में था और लापरवाही से वाहन चला रहा था. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बाइक चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

## केंद्रीय मंत्री के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण

**कुरवाई.** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर कुरवाई में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया.इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के नहर वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में पाँच पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधों की सुरक्षा और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया.विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि भाईसाहब शिवराज सिंह चौहान का प्रतिदिन वृक्षारोपण करने का संकल्प प्रकृति के प्रति उनके अद्वितीय प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है.

# गाय से टकराई बाइक, युवक घायल



- बरद्वाहा-कुर्रा रोड पर हुआ हादसा, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर नगर में बीती शाम एक सड़क हादसा सामने आया. बरद्वाहा-कुर्रा रोड पर ग्राम कोटरा निवासी सूखा बुनकर की बाइक अचानक गाय से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए.**

जानकारी के अनुसार हादसा शाम करीब 6 बजे हुआ, जब सूखा बुनकर बाइक से टीकमगढ़ डिस्ट्रिक्ट के कुडिला की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सड़क पर अचानक आई गाय से उनकी बाइक टकरा गई और वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े.

घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस सहायता टीम ने घायल को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया. अस्पताल में उन्हें ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है. चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत पर नजर रखी जा रही है. घटना के बाद क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है.

## डॉ. अमृता ने दिया नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गंजबासौदा (विदिशा).** वार्ड नंबर 17 स्थित सिद्ध क्षेत्र भतन माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा.प्रख्यात कथावाचिका डॉ. अमृता करुणेश्वरी जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग के प्रसंग का सजीव वर्णन किया. कथा के दौरान डॉ अमृता करुणेश्वरी. जी ने केवल धार्मिक व्याख्यान ही नहीं दिए,

बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले नशा मुक्ति और पर्यावरण शुद्धि के गंभीर विषयों पर भी प्रकाश डाला.

शरीर भगवान का मंदिर है, इसे नशे से अपवित्र न करें.नशा मुक्ति पर जोर देते हुए डॉ. अमृता करुणेश्वरी जी ने भावुक अपील की. उन्होंने कहा कि यदि आप वास्तव में कृष्ण भक्त हैं, तो व्यसनों का त्याग करें.

# दुकान में घुसी तेज रफ्तार कार

## जानराय टौरिया के पास हादसा, दुकान संचालक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड स्थित जानराय टौरिया के पास एक बड़ा हादसा हो गया. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी किराना दुकान में जा घुसी. घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है.**

हादसे के समय दुकान पर मौजूद संचालक नवल अग्रवाल इसकी चपेट में आ गए और घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे कार सीधे दुकान के अंदर जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकान का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सामान बिखर गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई.

# जलकुंभी हटाने का व्यापक अभियान शुरू



**गंजबासौदा (विदिशा), 5 मार्च. नदी केवल जलधारा नहीं होती, वह सभ्यता की वाहक, आस्था की आधारशिला और जीवन की संवाहिका होती है.इसी भावना को आत्मसात करते हुए श्रमदान दल के सान्निध्य में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 21वाँ चरण वही उत्साह और समर्पण के साथ सम्पन्न हुआ.**

प्रात:कालीन बेला में जब सूरज की किरणें जल की सतह पर सुनहरी आभा बिखेर रही थीं, उसी समय श्रमदान दल के सदस्य रिपटा घाट पर एकत्रित हो रहे थे.संकल्प एक, उद्देश्य एक ताकि स्वच्छ हो मां वैत्रवती की जल धार. यह प्रयास दल के सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों घाट के किनारों पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन, पूजन सामग्री के अवशेष, कपड़े तथा अन्य अपशिष्टों को एकत्रित किया जा रहा है , जिससे उनका वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित हो सके. पांच वर्षों के इस सफर में दल द्वारा सैकड़ों टन प्लास्टिक नदी में प्रवाहित होने से बचाया है.

21 वे चरण की विशेषता रही नदी के प्रवाह क्षेत्र से जलकुंभी हटाने के कार्य का भी आरंभ हुआ .बता दे कि जलकुंभी एक ऐसी तीव्र गति से फैलने वाली जलीय वनस्पति है, जो कि पानी की सतह में दूषित सामग्री के जमा होने के फलस्वरूप पनपती है और कुछ ही समय में जल की सतह को ढक लेती है. इससे सूर्य का प्रकाश जल के भीतर नहीं पहुँच पाता, घुलित ऑक्सीजन का स्तर घटता है और जलीय जीवों का जीवन संकट में पड़ जाता है. दल के सदस्य घंटों तक कमर और छाती तक पानी में रहकर जलकुंभी को जड़ों सहित उखाड़ते रहे.

यह कार्य अत्यंत श्रमसाध्य और जोखिमपूर्ण होता है. 21 वे चरण में नदी स्वच्छता कार्यक्रम में उपस्थित नीरज साहू, कुलदीप दांगी, राहुल कुशवाह एवं आकाश जैन ने नगरवासियों से अपील की है कि सभी नगर वासियों का सामूहिक दायित्व है कि घाटों को स्वच्छ रखें.

**आरोप** ▸ 6 घंटे बंधक बनाकर मारपीट, चाकू दिखाकर बनाया वीडियो

# छतरपुर में 20 वर्षीय युवक का अपहरण

- दो आरोपियों पर बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज



**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर में 20 वर्षीय युवक के अपहरण और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

पीड़ित, जोबागेश्वर धाम सरकार क्षेत्र का निवासी बताया गया है, ने आरोप लगाया है कि दो युवकों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर करीब छह घंटे तक बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा. पीड़ित के अनुसार वह अपनी मां के साथ होली के लिए कपड़े खरीदने पैसे लेकर छतरपुर आया था. पन्ना नाके पर पहुंचते ही दो युवकों ने उसे जबरन कार में बैठा लिया और काली माता मंदिर के पास ले गए. आरोप है कि दोपहर करीब 12 बजे से शाम 6 बजे तक उसके साथ मारपीट की गई. युवक का कहना है कि आरोपियों ने चाकू दिखाकर धमकाया, मारपीट का वीडियो बनाया और हथियारों के साथ तस्वीरें खींचीं. उससे जबरन बयान दिलवाए गए और शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई.

देर शाम परिजनों को युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे मिला. इसके बाद मामला सिटी कोतवाली पुलिस छतरपुर में दर्ज कराया गया. पुलिस ने आरोपियों प्रशांत कुशवाहा और डीपी ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2) व 3(5) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# चारा मशीन की चपेट में आया मासूम, कटा अंगूठा

## गुलगंज थाना क्षेत्र की घटना, जिला अस्पताल में उपचार जारी



**छतरपुर, 5 मार्च. छतरपुर नगर के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बधावन में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आने से मासूम अभिषेक यादव के हाथ का अंगूठा कट गया.**

परिजनों के द्वारा बताया गया कि अभिषेक चारा काटने वाली मशीन के पास खेल रहा था, तभी अचानक उसका हाथ मशीन में फंस गया और अंगूठा कट गया. हादसे के बाद परिजन घबराकर उसे तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है. घटना से परिवार में दहशत का माहौल है.

डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है. वहीं ग्रामीणों ने अपील की है कि खेतों और घरों में लगी मशीनों के पास बच्चों को न जाने दिया जाए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके.

## रंगों और उमंग से सराबोर हुआ शहर

**विदिशा.** रंगों के पर्व होली को जिले भर में गुरुवार को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने रंग-गुलाल के साथ इस पर्व का आनंद लिया. शहर के प्रमुख चौराहों, कॉलोनियों और मोहल्लों में युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचती-गाती दिखाई दीं.कई स्थानों पर होली मिलन समारोह भी आयोजित किए गए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया.